पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ0ग0)

24वाँ दीक्षांत–समारोह

// अधिसूचना //

क्रमांक 8015 A /अका./दीक्षांत/2019 रायपुर, दिनांक 02/02/2019

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का **चौबीसवाँ दीक्षांत–समारोह मार्च के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित है।** इस दीक्षांत–समारोह में उन सभी प्रत्याशियों को उपाधि–पत्र वितरित किए जाएँगे, जिन्हें **दिनांक 25.04.2017 से 23.02.2019** तक की अवधि में इस विश्वविद्यालय की डी.लिट्. एवं पी–एच.डी. उपाधि के लिए योग्य घोषित किया गया है। वर्ष 2016–17 एवं 2017–18 की परीक्षा में विभिन्न कक्षाओं में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशियों को भी इस दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक से अलंकृत किया जायेगा। इसी प्रकार से विभिन्न दान–दाताओं के नाम से स्थापित स्वर्ण पदक के पात्र एवं चयनित प्रत्याशियों को इसी दीक्षांत–समारोह में पदक प्रदान किया जायेगा।

ऐसे पात्र व्यकित जो इस दीक्षांत–समारोह में उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं, वे अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में **दिनांक 23.02.2019 के पूर्व पंजीकृत डाक या ईमेल (registrarprsu@gmail.com)** से भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्याशियों से निश्चित शुल्क एवं अन्य ब्यौरा प्राप्त होने पर दीक्षांत–समारोह में सम्मिलित होने हेतु अनुज्ञा–पत्र तैयार किया जाएगा। अनुज्ञा–पत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग से **दिनांक 28.02.2019** तक प्राप्त हो सकेगा। अनुज्ञा–पत्र के 'प्रपत्र–ब' को प्रस्तुत करने पर विश्वविद्यालय के परिधान प्रदायकर्ता से परिधान प्राप्त हो सकेगा। परिधान–धारण करने के पश्चात् ही दीक्षांत–समारोह–स्थल में प्रवेश मिल सकेगा।

दीक्षांत–समारोह में शामिल होने हेतु डी.लिट् एवं पी–एच.डी. उपाधि हेतु पात्रता धारक आवेदकों को 1000 रु. का शुल्क देय होगा तथा स्वर्ण पदक हेतु प्राप्त आवेदकों को 300 रुपए शुल्क देय होगा। यह शुल्क कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को **दिनांक 23.02.2019** तक **नगद/बैंक ड्राफ्ट** के रूप में जमा करना होगा/को भेजना होगा। इसके अलावा परिधान प्राप्त करने हेतु आवेदकों को 1000 रुपए सुरक्षा राशि के रूप में जमा करना होगा। सुरक्षा राशि, परिधान सही हालत में वापस किए जाने पर वापसी योग्य होगा।

यदि आवेदक रजिस्टर्ड डाक/ई–मेल **(registrarprsu@gmail.com)** के द्वारा भेजते हैं, तो उन्हें परिधान–प्राप्ति के दिन बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति/प्रतिलिपि साथ में लानी होगी। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदकों को दीक्षांत–समारोह में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जा सकेगी।

- सभी प्रत्याशियों को परिधान प्राप्ति हेतु (वापसी योग्य) अमानत राशि रु. 1000/– डॉ. अरविंद अग्रवाल, सहायक संचालक, ह्यूमन रिसोर्स डेव्हलपमेंट सेंटर, पं.र.वि.वि. रायपुर के पास जमा करना होगा।
- दीक्षांत–समारोह की शोभायात्रा का पूर्वाभ्यास के लिए तिथि की जानकारी बाद में भेजी जाएगी।
- परिधान वितरण डॉ. अरविंद अग्रवाल, सहायक संचालक, ह्यूमन रिसोर्स डेव्हलपमेंट सेंटर, पं.र.वि.वि. रायपुर के निर्देशन में की जाएगी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं शोध–उपाधि के लिए योग्य घोषित प्रत्याशियों की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट (www.prsu.ac.in) में उपलब्ध है।

कुलसचिव

पृ. क्रमांक 8016 A /अका./दीक्षांत/2019 रायपुर, दिनांक 2 02 /02/2019

प्रतिलिपि :

01. माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदय के प्रमुख सचिव, राजभवन, रायपुर
02. अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा, महानदी भवन, अटल नगर, रायपुर
03. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर
04. विश्वविद्यालय विद्यापरिषद एवं कार्यपरिषद के सदस्यों को
05. विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष
06. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/अधिष्ठाता छात्र कल्याण
07. समस्त संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य,
08. विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के अध्यक्ष/समस्त विभागीय अधिकारी,
09. संचालक– जनसम्पर्क विभाग, छ.ग. शासन, रायपुर
10. केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, माय एफ–एम, रेडियो मिर्ची, ज्ञान वाणी रायपुर को सूचना के रूप में प्रकाशनार्थ ।
11. संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार–पत्रों को आगामी अंक के अंतिम पृष्ठ पर समाचार के रूप में प्रकाशनार्थ।
12. अध्यक्ष, कम्प्यूटर अध्ययन शाला को इस निवेदन के साथ कि विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करें।
13. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं.र.वि.वि. रायपुर को सूचनार्थ।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (अका.)